Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to declare Getalsud dam and Rukka dam area in Ranchi Parliamentary Constituency, Jharkhand as a tourist place.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) ः मैं सरकार को सूचित करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र राँची के अंतर्गत गेलतसूद डेम और रूका डेम है जिसके चारों ओर रमणीय दर्शनीय वातावरण है। यहाँ की प्राकृतिक सुन्दरता के कारण स्थानीय निवासी एवं झारखंड के कोने-कोने से पर्यटक घूमने एवं पिकनिक मनाने आते हैं। साथ ही साथ विदेशी पर्यटक गेलतसूद और रूका डेम स्थल पर सैंकड़ों की संख्या में आते हैं परन्तु इस स्थल पर पर्यटन संबंधी कोई सुविधा नहीं है अगर इन स्थलों को पर्यटन स्थल घोएित कर दिया जाये तो इस क्षेत्र के पर्यटन विकास में सहयोग मिलेगा, स्थानीय लोगों को काफी तादाद में रोजगार मिल पाएगा और इस स्थल पर आने जाने वालों को पर्याप्त सुविधा भी मिल जाएगी। इस संबंध में मैं झारखंड के अधिकारियों एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से मिल चुका हूँ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि गेलतसूद डेम और रूका डेम को केद्र स्तर पर पर्यटन स्थल घोएित किया जाये।